




## “बैंक खाता खोलने और उसे चालू रखने के लिए केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) जरूरी लेकिन आसान”

**1** बैंक में खाता खोलने के लिए आपके नवीनतम फोटो के साथ **एक** ’**पहचान** का प्रमाण’ और ’**पते** का प्रमाण’ पर्याप्त है

**2** आपका आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट या नरेगा कार्ड पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण, दोनों के लिए उपयुक्त है पैन कार्ड केवल पहचान के प्रमाण के रूप में चलेगा

**3** यदि आपका वर्तमान पता बैंक में दिए गए आपके पते के प्रमाण से अलग है, तो नया पता बैंक को लिखित में बताना काफी है

**4** यदि आपके पास पहचान और पते का प्रमाण नहीं है, तब भी आप बैंक में अपने हस्ताक्षर और अपना नवीनतम फोटो जमा करके बचत खाता खोल सकते हैं इस ’लघु खाते’ में आप ₹50,000 तक का बैलेंस रख सकते हैं, प्रतिमाह कुल ₹10,000 तक की राशि निकाल सकते हैं और खाते में प्रति वित्तीय वर्ष ₹1 लाख तक के कुल क्रेडिट हो सकते हैं

**5** बैंक आपकी जोखिम प्रोफाइल के आधार पर हर 2, 8 या 10 वर्षों में केवाईसी की जानकारी मांगता है

**6** यदि केवाईसी संबंधित मामले में आप बैंक से असंतुष्ट हैं, तो इसकी शिकायत बैंक से कर सकते हैं यदि बैंक के उत्तर से संतुष्ट न हों तो इसकी शिकायत भारतीय रिज़र्व बैंक के बैंकिंग लोकपाल से करें। अधिक जानकारी के लिए https://bankingombudsman.rbi.org.in देखें

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.rbi.org.in/KYCFAQ देखें
या अपनी नज़दीकी बैंक शाखा से संपर्क करें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in